an>

Title: Need to provide adequate water supply for the people of Bundelkhand.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सहित पूरे बुन्देलखंड में पीने के पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस वÂान कम बारिश के कारण पानी का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। तालाब, पोखर व कुएं आदि सब सूख गये हैं। मनुÂय के साथ-साथ पशुओं के लिए भी पीने के पानी का अभाव हो गया है। बांधों में भी जल न रह जाने के कारण अधिकांश नहरें सूखी पड़ी हैं जिससे खेत सूखे पड़े हैं। पुराने लगे हैंडपम्पों ने जलस्तर नीचे चले जाने के कारण पानी देना बंद कर दिया है। नये हैंडपम्प साल भर से लगाये नहीं जा रहे हैं, इसलिए वहां हालात विÂाम है।

अस्तु आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि यथाशीघ्र मेरे संसदीय क्षेत्र के चित्रकूट एवं बांदा जनपद में पीने के पानी की समस्या के तुरंत निदान हेतु कम से कम एक हजार नये गहरे हैंडपम्प लगाये जायें एवं तालाबों, पोखरों को भरवाकर पेयजल समस्या का तुरंत निदान कराने हेतु निर्देश देने की कृपा करें।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Bhairon Prasad Mishra.

The House stands adjourned to meet at 11 a.m. tomorrow, the 1st December, 2015.

19.04 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Tuesday, December 1, 2015/Agrahayana 10, 1937 (Saka).